तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 28 मई 2026

12 पंडित जवाहरलाल नेहरू के बताए आदर्शों पर ...



12 कक्षा शिक्षण में लाइफ स्किल्स को प्रभावी रूप से शामिल...


## खबर संक्षेप

### आज दो घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**जींद।** वीरवार को सैक्टर 8 के 33केवी की सप्लाई 2 घंटे बंद रहेगी। जानकारी देते हुए एक्सईएन विकास मलिक ने बताया कि सुबह 7 से 9 बजे तक ट्री कटिंग का काम किया जाएगा। इस कारण इस पावर हाऊस से जुड़े सैक्टर 8, 9, एकता नगरए परशुराम चौक एरिया में बिजली बाधित रहेगी।

### महिला को घायल करने पर मां-बेटा नामजद

**जींद।** फुलिया कलां में महिला पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने मां बेटा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव फुलिया कलां निवासी संतरों ने पुलिस दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ासी रवि से कहासुनी हो गई थी। उसी दौरान उसकी मां रानी आ गई। जिस पर दोनों मां व बेटे ने उस पर ईंटों तथा डंडों से हमला कर दिया। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई। आसपास के लोगों ने उसे मां व बेटों से छुड़ावाया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर रवि तथा उसकी मां रानी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो किसानों के खेतों से मोटर तथा पैनल चोरी

**जींद।** गांव किलाजफरगढ़ खेतों से दो किसानों के सोलर पैनल तथा दो मोटरों को चोरी कर लिया गया। जुलाना थाना पलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव किलाजफरगढ़ निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में सोलर पैनल तथा मोटर लगाई हुई थी। बीती रात चोरों ने उसके तथा पड़ोसी मूर्ति के खेत से सोलर पैनल तथा मोटरों को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संदिग्ध हालात में दो सहेली लापता, केस

**जींद।** अमरगढ़ से दो सहेलियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले निवासी एक व्यकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 मई दोपहर बाद उसकी साढ़े 18 वर्षीय बहन तथा उसकी 18 वर्षीय सहेली संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने करने पर दोनों का कोई सुराग नही लगा। शिकायत के आधार पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केबल चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** खेतों से केबल चोरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते थाना तितरम पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव जाखौली निवासी बुटा सिंह की शिकायत अनुसार 4 मई की रात अज्ञात चोर उसके खेत में बने कोठे का ताला तोड़कर करीब 80 फुट केवल चोरी कर ले गए। शिकायतकर्ता के अनुसार पड़ोसी किसानों रामफल की करीब 50 फुट, राजू की करीब 45 फुट तथा बागा की करीब 40 फुट केबल भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। शिकायत पर थाना तितरम में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### 432 ग्राम अफीम सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक्स सैल द्वारा चीका क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 432 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान बस अड्डा टटियाणा मौजूद थी, जहां एक गुप्त सूचना मिली कि गांव कम्बेड़ी निवासी सुखचैन सिंह काफी समय से नशीला पदार्थ अफीम खाने व बेचने का आदि है। जो चीका पटियाला रोड़ पर हांसी बुटाना पुल के पास नशीला पदार्थ लिए किसी के इंतजार में खड़ा हैं।

### बुधवार नौतपा का तीसरा दिन रहा: धीरे-धीरे तापमान में हो रहा इजाफा, रातें भी हो रही गर्म

# पारा 44°, फिर बढ़ा हीट स्ट्रोक का खतरा

### उलटी, दस्त तथा सिर चकराने के मरीज पहुंच रहे नागरिक अस्पताल

**आगामी तीन दिन तक राहत मिलने के आसार नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सूर्य देवता ने बुधवार को आग उगली और इसका असर जनजीवन पर साफ देखने को मिल रहा है। दोपहर को बाजार तथा सडकें सुनसान हो रही और हालात कर्फ्यू जैसे दिखाई दिए। अस्पताल में भी उलटी, दस्त तथा सिर चकराने की शिकायत लेकर मरीज उपचार के लिए पहुंचे। बुधवार को अधिकतम तापमान एक डिग्री बढ़ कर 44 डिग्री पर पहुंच गया जबकि न्यूनतम दो डिग्री बढ़ कर 31 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 13 प्रतिशत व हवा की गति 18 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल आगामी तीन दिन तक गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है और तापमान में भी इजाफा होगा। बुधवार को नौतपा का तीसरा दिन रहा। हालांकि पहले दो दिन तापमान 42 व 43 डिग्री दर्ज किया। बुधवार को तापमान में एक डिग्री की वृद्धि के साथ ही 44 डिग्री पर पहुंच गया।



जींद। नागरिक अस्पताल में उपचार स्लिप के लिए लगी लाइन।

आगामी दिनों में पारा 45 डिग्री पार जाने की संभावना है। विभाग ने इसकी आशंका पहले ही जता दी है। ऐसे हालात में हीट स्ट्रोक का खतरा भी पैदा हो गया है। बढ़े तापमान ने लोगों की परेशानी को बढा दिया है। दिन निकलने के साथ सूर्य आग उगलनी शुरु कर देता है, दोपहर तक बाजारों तथा सड़कों पर विरानगी छा जाती है। जिसका सीधा असर काम धंधे पर भी पड़ रहा है। तापमान में बढोत्तरी होने के चलते उलटी, दस्त तथा सिर चकराने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। नागरिक अस्पताल में मरीज उलटी, दस्त, सिर चकराने, पेट दर्द के चलते इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। नागरिकक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि तापमान ज्यादा होने के चलते स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। लोगों को चाहिए कि वे धूप में घर से बाहर निकलने से बचें। जरूरी होने पर कपड़े से शरीर को ढांप कर रखें। ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ पेय पदार्थों का प्रयोग करें। तबीयत खराब होने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें। भीषण गर्मी को देखते लोगों से अपील की है कि वे अपने आपको हाइड्रेट रखने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में पानी पिएं और अल्कोहल और कैफीन युक्त पेय पदार्थों का सेवन बिल्कुल ना करें। धूप में निकलने से बचें, अत्यधिक गर्मी के समय सुबह 11 से शाम चार बजे के दौरान घर के अंदर ही रहें। यदि बाहर जाना है तो हल्के रंग के ढीलेढाले कपड़े पहन कर जाएं और सिर को टोपी, गीले कपड़े या छाते से ढकें। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार पर विशेष ध्यान दें। अत्यधिक परिश्रम वाले कार्य जैसे व्यायाम शारीरिक मेहनत को स्थगित कर दें।

#### लोगों से दोपहर में बाहर नहीं निकलने की अपील

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिलेवासियों से नौतपा और लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 25 मई से एक जून तक लू चलने और तापमान अधिक रहने की संभावना है। ऐसे में सभी नागरिक स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करें ताकि हीट वेव के दुष्प्रभावों से बचा जा सके। उपायुक्त ने बताया है कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक गर्मी अपने चरम पर रहती है। इस दौरान अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। यदि किसी जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़े तो सिर को कपड़ेए टोपी या छाते से ढककर निकलें। हल्के रंग और सूती कपड़े पहनें तथा बार-बार पानी पीते रहें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी होना सबसे बड़ी समस्या है। इससे बचने के लिए ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी और नारियल पानी का सेवन करें। अधिक चाय, कॉफी, शराब और सॉफ्ट ड्रिंक के सेवन से बचेंए क्योंकि ये शरीर को डिहाइड्रेट करते हैं।

#### तापमान में और ज्यादा इजाफा होगा

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। तापमान में और ज्यादा इजाफा होगा। आगामी तीन दिन तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है।


राजौंद। पेयजल संकट के चलते पानी के खाली टैंक। फोटो :हरिभूमि

### राजौंद : भीषण गर्मी में गहराया पेयजल संकट

**राजौंद।** भीषण गर्मी के बीच पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गर्मी अपने चरम पर है और ऐसे में पानी की किल्लत ने आमजन की परेशानियां कई गुना बढ़ा दी हैं। हालात यह हैं कि लोगों को नियमित पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा, बल्कि एक दिन छोड़कर या कभी-कभी दो दिन बाद ही पानी की सप्लाई की जा रही है। उधर नहर में पानी आए एक माह से भी अधिक समय बीत चुका है, जिसके चलते टैंकों का पानी सूख चुका है। जलापूर्ति व्यवस्था बाधित होने से लोगों को मजबूरी में वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। कई जगह ऊंचे स्थानों पर पानी की सप्लाई पहुंच ही नहीं पा रही, जिससे समस्या से जूझना पड़ पड़ रहा है।गर्मी के इस मौसम में पानी की कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। दोपहर के समय तापमान अधिक होने से पानी की जरूरत बढ़ जाती है, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति न होने से लोग परेशान हैं। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर तक पानी भरने के लिए जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नहर में पानी छोड़ा जाए।

### जानलेवा हमले में फरार दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** जिला में अवैध गतिविधियो के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआई स्टाफ सफीदों ने युवक पर जानलेवा हमला करने, मारपीट व गाली गलौज करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान सफीदों निवासी संजू गिरी व गांव निम्नाबाद निवासी आजाद के रूप में हुई है। सीआई स्टॉफ सफीदों के इचांर्ज उपनिरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि रविदास मोहल्ला निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने साथियों के साथ हुड्डा ग्राउंड नई अनाज मंडी सफीदों के पीछे बैठा हुआ था। इसी दौरान कई युवक हथियारों सहित वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर उन पर हमला कर दिया।

### व्यापारी से चौथ मांगने और धमकी देने वाले तीन दबोचे

- गिरफ्तारी से बचने के लिए एक माइनर में कूदा, गिरने से फ्रैक्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना पुराना बाजार व्यापारी से चौथ मांगने व मारने की धमकी देने के मामले में सीआईए स्टाफ नरवाना व थाना शहर नरवाना पुलिस की टीम ने मुख्य आरोपी सहित तीन बदमाशों को काबू किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान नरवाना हाल आबाद रोहिणी दिल्ली निवासी हर्पित, गांव कोयल निवासी अंकुश व अभिषेक के रूप में हुई है। उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलजीत राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 25 मई को पुराना बाजार नरवाना में एक व्यापारी को तीन बदमाश युवकों ने चौथ मांगी और चौथ राशि न देने पर जान से मारने की धमकी दी। जिस पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला की सभी क्राइम टीमों को एक्टिव किया गया। सीआईए नरवाना की टीम आरोपितों को काबू करने के लिए लगातार उसके ठिकानों पर रेड कर रही थी लेकिन आरोपित बार-बार अपनी लोकेशन चेंज कर रहा था।

### बगैर नंबर प्लेट के 426 चालान, 193 वाहन इंपाउंड

- बिना नंबर प्लेट वाहनों के खिलाफ जिला पुलिस का विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिलेभर में बिना नंबर प्लेट वाहनों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत नाकाबंदी कर वाहनो की जांच की गई, जिसके दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि एक सप्ताह में अभियान के दौरान 13650 वाहनो की जांच की गई। जिसमें बिना नंबर प्लेट चल रहे कुल 426 वाहनों के चालान किए गए, जबकि गंभीर नियम उल्लंघन पाए जाने पर 193 वाहनों को इंपाउंड भी किया गया। पुलिस टीमों द्वारा शहर के मुख्य चौक-चौराहों, बाजारों, हाईवे मार्गों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान ऐसे वाहन चालकों पर विशेष नजर रखी गई जो बिना नंबर प्लेट, फर्जी नंबर प्लेट अथवा नियमों के विपरीत मॉडिफिकेशन कर वाहन चला रहे थे। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि बिना नंबर प्लेट वाहन चलाना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि इससे आपराधिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सकता है। कई बार अपराधी तत्व पहचान छिपाने के उद्देश्य से बिना नंबर प्लेट वाहनों का प्रयोग करते हैं, जिस कारण ऐसे वाहनों के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



#### गैरकानूनी उपकरणों का प्रयोग करने से बचें

एसपी ने आमजन से अपील करते कहा कि सभी वाहन चालक अपने वाहनों पर निर्धारित नियमों के अनुसार स्पष्ट नंबर प्लेट लगवाए तथा किसी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न करवाएं। इसके अलावा प्रेशर हॉर्न, काली फिल्म, फैंसी नंबर प्लेट एवं अन्य गैरकानूनी उपकरणों का प्रयोग करने से बचें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करने से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आती है बल्कि आमजन की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद, ₹1.15 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने नाबालिग को घर से भगाने व दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषी को 1.15 लाख जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गढ़ी थाना क्षेत्र के तहत एक व्यक्ति ने तीन दिसंबर 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी अचानक से गायब हो गई। जिसकी आसपास तलाश की गई लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग को बरामद कर लिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि बाकनेर (दिल्ली) निवासी नितिन नाबालिग को भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। जांच के दौरान पीड़िता के बयान पर पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराएं जोड़ कर आरोपित नितिन को गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। बुधवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने नितिन को दोषी करार देते 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने एक बार फिर सरकार के प्रदर्शन किया। इसके तहत बुधवार को गांव शिमला के ग्राम सचिवालय में भारी संख्या में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने पड़ाव डालकर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी व्यक्त की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अजय हुड्डा गांव शिमला पहुंचे। उनके साथ डीएसपी रोहतास कुमार व थाना प्रभारी सुभाष चंद्र मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारी ने कर्मचारियों को समझने का प्रयास किया। कर्मचारी लगातार प्रदर्शन करते रहे। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों के एक शिष्टमंडल ने एसडीएम अजय हुड्डा को मुख्यमंत्री के नाम एक लिखित ज्ञापन सौंपा। सीटू हरियाणा महासचिव सुखबीर सिंह व दूसरे कर्मचारी नेताओं ने कहा कि पिछले 15 मई से पूरे हरियाणा में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है। 24 और 25 मई को अपनी मांगों को लेकर सामाजिक न्याय मंत्री के आवास पर टोहाना में दो दिवसीय पड़ाव डाला था।


कलायत। एसडीएम अजय हुड्डा को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण कर्मचारी नेता।

### तूड़ी बनाने की राशि मांगी तो दी जान से मारने की धमकी

- राशि देने के बहाने बुला कर बेरहमी से पीटा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अकालगढ़ में तूड़ी बनाने की बकाया राशि देने की बात कह कर बेरहमी से मारपीट की और असलहा दिखा कर जान से मारने की धमकी दी गई। जुलाना थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में दो लोगों को एक पिस्तौल तथा पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अकालगढ़ निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने लगभग एक साल पहले गांव के ही धर्मपाल की तूड़ी बनाई थी। जिसकी छह हजार रुपये की राशि बकाया थी। जब वह घर की तरफ जा रहा था तो धर्मपाल के बेटे नवीन ने उसे रुपये देने की बात कह कर उसे बुला लिया। वहां पर गांव के ही सचिन, हिमांशु भी मौजूद थे। आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। जिसके बाद नवीन ने पिस्तौल निकाल कर गोली मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपित फरार हो गए।

### हाइड्रोजन ट्रेन के कई अनुपालन प्रक्रियाएं और सत्यापन चरण अभी पूरे होने बाकी

# ट्रेन को हरी झंडी मिलने से जींद के लोगों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे बोर्ड द्वारा भारत देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को चलाने की हरी झंडी दे दी है। हरी झंडी मिलने को लेकर जारी किया पत्र सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। हालांकि अभी हाइड्रोजन ट्रेन के चलन को लेकर कई अनुपालन प्रक्रियाएं और सत्यापन चरण पूरे होने बाकी है। हाइड्रोजन ट्रेन के चलते की तिथि भी तय नही हुई हे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाएगी। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन पर्यावरण अनुकूल है। जिसे जींद से सोनीपत के बीच चलाया जाएगा। इसमें कुल 10 कोच होंगे। रेलवे मंत्रालय ने देश की पहली हाइड्रोजन संचालित 10 कोच वाली डीईएमयू ट्रेन के संचालन को मंजूरी दी है। यह ट्रेन उत्तरी रेलवे क्षेत्र के तहत जींद और सोनीपत के बीच चलेगी। इसकी गति 75 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। इसका कुल बिजली उत्पादन 1,200 किलोवाट है और यह वितरित पावर रोलिंग स्टॉक (डीपीआरएसद्ध तकनीक पर काम करेगी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीसीआरएस) ने भी पिछले दिनों जींद जंक्शन पहुंच कर सुरक्षा परीक्षण किया था। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मंजूरी का मतलब तुरंत संचालन शुरू होना नही है। कई अनुपालन प्रक्रियाएं और सत्यापन चरण अभी पूरे होने बाकी हैं। उत्तरी रेलवे के महाप्रबंधक को सभी अनुपालन रिपोर्ट जमा करवानी हैं। रिपोर्ट आरडीएसओए सीसीआरएस और पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) जैसे अन्य वैधानिक प्राधिकरणों से संबंधित होंगी।



जींद। जींद जंक्शन पर खड़ी हाइड्रोजन ट्रेन। फोटो :हरिभूमि

#### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाएंगे

हाइड्रोजन ट्रेन केवल जींद और सोनीपत के बीच ही संचालित करने की अनुमति है। रखरखाव दिल्ली के शकूरबस्ती में किया जाएगा। सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार रखरखाव के लिए ट्रेन को डीजल लोकोमोटिव द्वारा शकूरबस्ती ले जाया जाएगा। प्रारंभिक तीन माह के लिए ट्रेन के साथ प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारी रहेंगे। ये कर्मचारी रास्ते में आने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान करेंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाएंगे।

### जींद से गुजरने वाली सुपरफास्ट समेत चार ट्रेनों का संचालन शकूरबस्ती तक

- पुरानी दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को कम करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे ने पुरानी दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए एक नया निर्णय लिया है। अब जींद से गुजरने वाली सुपरफास्ट समेत चार ट्रेनों का संचालन पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की बजाय शकूरबस्ती स्टेशन तक किया जाएगा। ऐसे में यात्रियों को आगे की यात्रा के लिए मेट्रो और अन्य परिवहन का सहारा लेना पड़ेगा। पुरानी दिल्ली स्टेशन पर प्रतिदिन काफी संख्या में ट्रेनों का आवागमन होता है। प्लेटफार्मों पर लगातार बढ़ रही भीड़ और ट्रेनों की आवामन के कारण परिचालन प्रभावित हो रहा है। कई बार ट्रेन को आउटर पर रोकना पड़ता है। जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। इसी को देखते हुए रेलवे ने चार ट्रेनों को शकूरबस्ती तक सीमित करने का फैसला लिया है। इन ट्रेनों का होगा ठहराव नई व्यवस्था लागू होने के बाद 12481-82 श्रीगंगानगर इंटरसिटी सुपरफास्ट, 54035-36 दिल्ली-जाखल पैसेंजर, 54033-34 नरवाना-दिल्ली पैसेंजर, 14023-24 दिल्ली-कुरुक्षेत्र डीएमयू का अंतिम ठहराव शकूरबस्ती स्टेशन होगा। ऐसे में पुरानी दिल्ली स्टेशन पर भीड़ कम होगी और ट्रेनों का संचालन बेहतर होगा।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में बड़ौदा से दो युवती लापता, केस

जींद। गांव बड़ौदा से दो यवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। बड़ौदा निवासी एक व्यकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 22 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई। उधर, गांव के ही दूसरे व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि गत दिवस उसकी 19 वर्षीय बेटी गायब हो गई। तलाशने पर दोनों का कोई सुराग नही लगा। संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पहचान पत्र देखकर ही दें जानकारी : एसडीएम

जींद। सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना अभियान देश के विकास और भविष्य की योजनाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि प्रशासन द्वारा अधिकृत प्रगणकों को सही, सटीक और नवीनतम जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें।

### गंभीर बीमारियों से पीड़ितों को मिल रहा पेंशन का लाभ

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र नागरिकों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का स्थाई निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। उन्होंने बताया कि आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग, कुष्ठ रोग, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, एसिड अटैक पीड़ित एवं बौना आदि विकार शामिल हैं।

### मत्स्य पालन में दिए जा रहे अनेक लाभ : मल्होत्रा

जींद। अनुसूचित जाति के नागरिकों के लिए मत्स्य पालन क्षेत्र में अनेक प्रकार के अनुदान व लाभ दिए जा रहे हैं। संबंधित व्यक्ति सरकार की योजना का पूरा लाभ उठाएं। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए मछली पालन के लिए प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर विभाग द्वारा प्रत्येक लाभार्थी को 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा।

### डीएवी स्कूल में तीन दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम कल से

जींद। डीएवी पब्लिक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच एवं तनावमुक्त जीवन के उद्देश्य से आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा तीन दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन 29 से 31 मई तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जीवन में खुश रहने की कला, तनाव प्रबंधन, ध्यान, प्राणायाम, योग एवं सकारात्मक जीवनशैली के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रेरणादायक गतिविधियां एवं सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### सोमनाथ मंदिर की यात्रा के लिए आवेदन छह तक

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 1000 वर्ष की अखंड आस्था व पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल श्री सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन, वेरावल (गुजरात) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी आठ जून को एक विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस विशेष ट्रेन को कुरुक्षेत्र से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कहा कि योजना के तहत यात्रा पूरी तरह फ्री होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## पुलिस ने रात को ही केस दर्ज कर सौंपी कापी, तब किसान हुए शांत

# किसानों ने आरोपी दुकानदार को छोड़ने पर आपत्ति जताई

### नगूरां चौकी में करीब चार घंटे पुलिस तथा किसानों में रही तनातनी

**चोरी का सामान खरीदने वाले दुकानदार को छोड़ने पर हंगामा**



अलेवा। नगूरां पुलिस चौकी में विरोध जताते किसान। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

अलेवा ब्लॉक के नगूरां समेत विभिन्न गांवों में पिछले कई महीनों से किसानों के लिए परेशानी बने ट्यूबवेल केबल चोरी गिरोह का एक सदस्य आखिरकार मंगलवार को किसानों के हत्थे चढ़ गया। नगूरां गांव के खेतों में किसानों ने ट्यूबवेल पर केबल चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। किसानों ने आरोपित की जमकर घेराबंदी कर उसे मौके पर ही काबू कर लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने कई अहम खुलासे किए हैं।

आरोपित ने कबूल किया कि वह अपने एक अन्य साथी के साथ मिल कर लंबे समय से इलाके में ट्यूबवेलों की केबल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। चोरी की गई तांबे की तार को नगूरां स्थित एक दुकानदार के यहां बेची जाती थी। किसानों के अनुसार आरोपित युवक के खुलासे के बाद नगूरां पुलिस ने उस दुकानदार को पूछताछ के लिए नगूरां पुलिस चौकी में बुला तो लिया लेकिन किसानों का आरोप है कि पुलिस ने किसानों के बिना सूचना के दुकानदार को दिन में ही छोड़ दिया। जैसे ही किसानों ने मंगलवार रात को इस बात की भनक लगी तो आनन-फानन में जनता सरकार मोर्चा के सदस्य सुशील नरवाल के नेतृत्व में किसानों ने आरोपित दुकानदार को छोड़ने पर आपत्ति जताई। जिस पर किसानों तथा पुलिस में करीब चार घंटे तक तनातनी रही। किसानों ने कहा कि पुलिस केवल एक आरोपित को पकड़ कर मामले को खत्म न करे बल्कि चोरी का सामान खरीदने वाले दुकानदार का भी पर्दाफाश करे। आखिरकार किसानों के विरोध के बाद पुलिस ने रात को ही नगूरां निवासी एक दुकानदार समेत तीन लोगों के खिलाफ चोरी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को कचौरी नामक युवक को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

#### तार चोरी की बात कबूली

पुलिस को दी शिकायत में किसान नगूरां निवासी जीवन सिंह ने बताया कि सोमवार रात को उनके खेत से टयूबवैल मोटर की तार चोरी हुई थी। इसी दौरान मंगलवार दिन में दोबारा खेत में जा रहे थे तो हमें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पूछने पर उसने अपना नाम नगूरां निवासी कचौरी बताया और तार चोरी की बात कबूली और कहा कि यह तार नगूरां निवासी दुकानदार नरेश को बेची है। जिसमें नगूरां निवासी उदवीर भी शामिल था। पता करने पर पाया कि उन्होंने नगूरां समेत विभिन्न गांवों के किसान सत्यवान, विनोद, जीवन सिंह, अशोक, राजबीर, सुरेश, अनूप, रणधीर, मीनू, विनोद तथा चांदपुर निवासी कृष्ण, ममेर, पप्पा, राजेश, राकेश की केबल चोरी करने के अलावा तथा सुशील का इंवर्टर भी चोरी किया है।

#### सुबह पेश करने की बात कहकर ले गए थे गांव के मौजिज व्यक्ति

नगूरां पुलिस चौंकी प्रभारी सुखबीर ने बताया कि चोरी की वारदात में नाम शामिल नगूरां निवासी दुकानदार नरेश को पूछताछ के लिए चौंकी में बुलाया था लेकिन गांव के मौजिज व्यक्ति सुबह पेश करने की बात कहकर घर ले गए थे लेकिन रात को ही किसानों के विरोध के बाद दुकानदार समेत तीन लोगों के खिलाफ चोरी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर एक युवक कचौरी को बुधवार को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।




जींद। नमन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

## पंडित जवाहरलाल नेहरू के बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

- कांग्रेस कार्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजा सरपंच ने की। श्रद्धांजलि सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, महिला कांग्रेस प्रतिनिधि, युवा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई।

उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि पंडित नेहरू ने स्वतंत्र भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच के आधार पर आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने देश में आधुनिक शिक्षा, औद्योगिक विकास और वैज्ञानिक संस्थानों की स्थापना कर भारत को नई दिशा देने का काम किया। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पंडित नेहरू ने देश को एकजुट रखने और विकास की राह पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में बड़े बांधोंए सार्वजनिक उपक्रमों, आईआईटी, वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों तथा आधुनिक उद्योगों की नींव रखी गई। जिसका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। नेताओं ने कहा कि नेहरू जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि दूरदर्शी विचारक और लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी थे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में पंडित नेहरू के विचारों और सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यकता है ताकि देश में भाईचाराए सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करने तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते सुरेंद्र गर्ग, अनूप श्योकंद। फोटो :हरिभूमि

### सद्भाव यात्रा के नाम बना प्रदेश में सबसे अधिक दिनों तक चलने वाली यात्रा का रिकॉर्ड : सुरेंद्र गर्ग

उचाना। मार्केट कमेटी पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र गर्ग, युवा नेता अनूप श्योकंद खेड़ी मसानियां ने कहा कि सदभाव यात्रा सात महीनों से अधिक समय तक प्रदेश सभी हलकों में पहुंची। कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की अगुवाई में 2800 से अधिक किलोमीटर प्रदेश के हलके के गांवों में जाकर सदभाव का संदेश दिया गया। निरंतर उनके कदम से कदम मिलाकर सदभाव यात्री साथ में चले। गर्मी, सर्दी, बारिश हर मौसम में बिना रूके कदम चलते रहे। प्रदेश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सबसे अधिक किलोमीटर तक चलने वाली पद यात्रा का नाम सदभाव यात्रा के नाम दर्ज हो गया है। इस यात्रा के माध्यम से लोगों में सदभाव का संदेश दिया गया तो केंद्र, प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में आमजन को बताया गया। जननेता के रूप में इस यात्रा के बाद बृजेंद्र सिंह उबरे है। आज हर कोई उनकी प्रशंसा कर रहा है। दूसरी पार्टी के नेता भी बृजेंद्र सिंह की स्पष्टवादी छवि की प्रशंसा करते है।

### राजकीय पीजी महाविद्यालय में 997 आवेदन मिले

जींद। यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर विद्यार्थियों के पास केवल अब चार ही दिन बचे हैं। विद्यार्थियों के लिए आवेदन का समय 31 मई को समाप्त हो जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों के दस्तावेजों का काम भी जारी है। विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच छह जून तक हो सकेगी। आवेदन करने का समय कम होने के साथ ही विद्यार्थी अब लगातार अपने पसंदीदा संकायों में आवेदन कर रहे हैं। शहर का राजकीय पीजी कालेज और राजकीय महिला कालेज दाखिले के लिए विद्यार्थियों की पहल पंसद रहती है। ऐसे में एक ओर जहां राजकीय पीजी कालेज के 13 अलग-अलग संकायों में अब तक 997 आवेदन हो चुके हैं। इसमें से 426 आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन हो चुका है। वहीं दूसरी ओर राजकीय महिला कालेज में नौ संकायों में 639 आवेदन आ चुके हैं। जिसमें से 365 आवेदनों के दस्तावेजों की जांच हो चुकी है। राजकीय पीजी कालेज में बीए आट्र्स में निर्धारित 600 सीटों पर 481 आवेदन आए हैं।



जींद। आवेदन करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### आधारशिला स्कूल ने ओवरऑल ट्राफी पर किया कब्जा

जींद। गत 18 मई से 27 मई तक जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी जींद में राष्ट्रीय कैडिट कोर (एनसीसी) के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जींद जिले के 20 विद्यालयों ने अपने कैडेट के साथ भागीदारी सुनिश्चित की। आधारशिला विद्यालय के छात्र सैनिकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्राफी पर कब्जा किया। 10 दिनों तक चले इस कठोर सैन्य शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इन गतिविधियों में ड्रिल प्रतियोगिता, फायरिंग, सांस्कृतिक, प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता, वालीबॉल, थ्रोबॉल, पोस्टर मेंकिग, रस्साकशी आदि अनेकों प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की तरफ से 27 छात्र सैनिकों ने हर क्षेत्र में मेडल प्राप्त कर इस ट्राफी को प्राप्त कर अपना योगदान दिया। सीटीओ सोनू रेढू ने बताया कि सभी छात्र सैनिकों ने अदम्य साहस व अनुशासन का परिचय देते हुए दी गई सभी चुनौतियों को बहुत ही शानदार तरीके से पूर्ण किया।

### बीईओ उचाना सत्संग के होंगे मुख्य यजमान

उचाना। हर माह के अंतिम रविवार 31 मई प्रातः 7: 30 पर ब्राह्मण धर्मशाला में होने वाले मासिक हवन एवं सत्संग के मुख्य यजमान उचाना के खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश आर्य उनकी धर्मपत्नी सुरेखा हवन में मुख्य यजमान के रूप में पूर्णाहुति देंगे। संयोजक मा. रामप्रसाद ने बताया कि भारतीय संस्कृति के चार स्तंभ सत्य, तप, दया और दान माने जाते हैं। हवन से क्षेत्र में सद्भावना का विस्तार होता है जीवन की वास्तविक सच्चाई हमारी आध्यात्मिकता एक दूसरे के प्रति दया भाव रखते सामर्थ्य के अनुसार दान की परंपरा की मूल भावना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होता है। यज्ञ को वर्षा का आह्वान रूपक माना जाता है, वर्षा है तो पानी है पानी है तो जीवन और जीवन का मूल आधार यज्ञ होता है। परिवार सहित हमें इस तरह के सात्विक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।




नरवाना। बठिंडा पनजाय वाटर किंगडम पार्क में फोटो खिंचवाते बच्चे।

### बच्चों ने शैक्षणिक-मनोरंजक पिकनिक का आनंद उठाया

नरवाना। पनजॉय वॉटर किंगडम पार्क बठिंडा में आयोजित एक दिवसीय शैक्षिक एवं मनोरंजक पिकनिक यात्रा में डीबीके पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भरपूर उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। यात्रा विद्यार्थियों के लिए केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं रही, बल्कि सीखने, सहयोग और आपसी संबंधों को मजबूत करने का भी एक विशेष अवसर बनी। यात्रा के दौरान बच्चों ने विभिन्न रोमांचक वाटर राइड्स, वेव पूल और मनोरंजक गतिविपधियों का आनंद लिया। मित्रों के साथ बिताए गए हँसी-खुशी के पल विद्यार्थियों के लिए अविस्मरणीय बन गए। स्वादिष्ट भोजन, मनोरंजक खेल तथा पूरे दिन का उत्साह बच्चों के चेहरों पर साफ दिखाई दे रहा था। प्रधानाचार्या रीटा वालिया निर्देशक राजेश शर्मा द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे पूरी यात्रा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रकार की यात्राएँ विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को कम करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आपसी सहयोग की भावना को भी विकसित करती हैं।

## कन्या भ्रूण हत्या न करने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराये के तहत ढाणी रामगढ़ में स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या तथा महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मी संतोष देवी, विकास मलिक व ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह ब्लॉक एजुकेटर द्वारा की गई कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, महिला सशक्तिकरण व पीएनडीटी एक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सभा का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करना था। महेंद्र सिंह ने जागरूक करते करते हुए कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं। आज देश की बेटियां अंतरिक्ष से लेकर सेना तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। कहा कि यदि बेटियों को उचित अवसर और शिक्षा मिले तो वे परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं। इसलिए माता-पिता को चाहिए कि वे बेटा व बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव न करें। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान समाज में जागरूकता फैलाने और गिरते लिंग अनुपात को सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



जींद। कन्या भ्रूण हत्या को लेकर जागरूक करते महेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

### अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था एवं जनसुरक्षा सर्वोपरि : एसपी

जींद। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी एवं संबंधित शाखा ईचांर्जो ने भाग लिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति, लंबित मामलों की समीक्षा, गंभीर अपराधों की रोकथाम, साइबर अपराध, नशा तस्करी, चोरी, लूट एवं महिला सुरक्षा संबंधी मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण किया जाए तथा पुलिस व पब्लिक संबंधों को और मजबूत बनाने हेतु संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच करने, गुमनाम धमकी भरी कॉल के संबंध में अभेद्य एप के बारे में लोगो को ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिए गए।

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में सीबीएसई प्रशिक्षण का आयोजन

**शिक्षकों के सर्वांगीण विकास एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य**

# कक्षा शिक्षण में लाइफ स्किल्स को प्रभावी रूप से शामिल किया जाए : मीना कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में शिक्षकों के सर्वांगीण विकास एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का विषय लाइफ स्किल्स एडवांस रखा गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा जीवन कौशल आधारित शिक्षा की महत्ता को समझा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक एवं व्यावहारिक विकास से संबंधित नई जानकारियों से अवगत कराना था ताकि वे विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल भी प्रदान कर सकें। विद्यालय प्रशासन द्वारा सीबीएसई ट्रेनर मीना कुमारी का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षक ने शिक्षकों को बताया कि वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं है बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाना भी है। उन्होंने कहा कि लाइफ स्किल्स विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके माध्यम से विद्यार्थी आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, रचनात्मक सोच, समय प्रबंधन, सहनशीलता, टीमवर्क तथा सकारात्मक दृष्टिकोण जैसी योग्यताओं का विकास करते हैं। सीबीएसई ट्रेनर मीना कुमारी ने विभिन्न गतिविधियों, उदाहरणों एवं समूह चर्चाओं के माध्यम से शिक्षकों को यह समझाया कि किस प्रकार कक्षा शिक्षण में लाइफ स्किल्स को प्रभावी रूप से शामिल किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि आज का समय तेजी से बदल रहा है और शिक्षा प्रणाली भी निरंतर आधुनिक होती जा रही है। ऐसे में शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है।



जींद। सीबीएसई प्रशिक्षण में भाग लेते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि



उचाना। रेलवे स्टेशन चौक पर लगाई दुकानदारों द्वारा मीठे ठंडे पानी की छबील।

### ठंडे-मीठे पानी की छबील से बुझाई राहगीरों ने प्यास

उचाना। नौ तपा शुरू होने के बाद बढ़ रहे तापमान से वाहन चालकों, राहगीरों को कुछ राहत मिले इसको लेकर शहर में अलग-अलग जगहों पर ठंडे मीठे पानी, जल जीरे के पानी की छबीले लगाई गई। पुराने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन चौक, राजकीय स्कूल उचाना कलां के पास माता के मंदिर के नजदीक सहित विभिन्न जगहों पर लगाई गई छबीलों पर राहगीरों, आमजन ने पानी पीकर अपनी प्यास को बुझाया। दीपक कापड़ो ने बताया कि हर बार गर्मी के मौसम में दुकानदार एकत्रित होकर रेलवे स्टेशन चौक पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाते है। राहगीरों, वाहन चालकों को गर्मी से राहत मिले इसको लेकर उन्हें पानी पिलाया जाता है। पानी से बढ़कर कोई पुण्य नहीं होता है। गर्मी के मौसम में लोग पानी के कैंपर, मटके जगह-जगह पर रखते है ताकि गर्मी के मौसम में प्यास लोग बुझा सकें।

## कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनीं समस्याएं

# कुल 12 शिकायतें आईं, सात मामलों का मौके पर ही किया गया निपटारा

**मौके पर दिया समस्याओं के समाधान का आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने बुधवार को आरकेएसडी कॉलेज सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में आमजन की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनके समाधान के आदेश दिए। उन्होंने कुल 12 शिकायतों में से सात शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया। वहीं पांच शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रख लिया। बैठक के बाद कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें। अधिकारियों की जिम्मेदारी जनता के कार्या को समय पर पूरा करना है। जो अधिकारी कार्य करने में रूचि नहीं दिखाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुरानी शिकायतों में पहली शिकायत में नीतू मौण द्वारा अपने भाई की हत्या के मामले में मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मामले में न्यायालय के आदेशानुसार नार्को टेस्ट करवाया जाएगा। इसके बाद जो भी आगामी कार्रवाई बनेगी, वह की जाएगी। पुलिस इस मामले में अपनी जांच गहनता से जारी रखे। अगली शिकायत में कैथल निवासी संध्या द्वारा परिवार पहचान पत्र में किसी अन्य का नाम जुड़ने संबंधी शिकायत थी। जिसमें शिकायत कर्ता परिवार पहचान पत्र ठीक होने पर संतुष्ट नजर आई। इस शिकायत का निपटान कर दिया गया।

■ पांच शिकायतों पर सुनवाई अगली बैठक में



कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा कष्ट निवारण समिति की बैठक में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### न्यायालय के आदेशानुसार होगी कार्रवाई

तीसरी शिकायत गांव तितरम निवासी संदीप व मनदीप मलिक की थी। जिसमें जमीन लेन-देन को लेकर एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसमें शिकायतकर्ता को बिना जानकारी दिए करनाल स्थानांतरित किए जाने संबंधी शिकायत थी। इस पर कार्रवाई करते हुए मंत्री ने कहा कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय के आदेशानुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दोनों पक्षों में हुआ समझौता

चौथी शिकायत में गांव मालखेड़ी निवासी राहुल की शिकायत थी कि आढ़ती द्वारा उसके पैसे नहीं दिए जा रहे। मामले में जांच अधिकारी ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों का समझौता हो गया है। मुख्य आरोपी का विदेश में लुक आउट नोटिस जारी कर दिया है। मंत्री ने इस मामले निपटान कर दिया। पांचवीं शिकायत गांव पाई के थेह बड़ेला निवासी दिलबाग सिंह व अन्य ने शिकायत दी थी कि इंदिरा गांधी आवास योजना के तहत उन्हें आबंटित किए गए प्लाटों में अवैध बिजली कनेकशन व अवैध कब्जा किया गया है। इस मामले में मंत्री ने बिजली निगम सहित पिछली बैठक में एडीसी की अध्यक्षता में गठित कमेटी से विस्तृत जानकारी हासिल की। उन्होंने आदेश दिए कि जो भी अवैध कनेक्शन हैं, उन्हें हटाया जाए। साथ ही कब्जा हटवाने के लिए नियमानुसार पुलिस की मदद से प्रक्रिया पूरी की जाए।

### नियमानुसार कनेक्शन शिफ्ट करने को कहा

पुरानी शिकायतों में अंतिम शिकायत में गांव किठाना निवासी कृष्ण कौशिक के संबंधी गांव सांघन निवासी किसान मनजीत सिंह का ट्यूबवेल कनेक्शन दूसरे खेत में शिफ्ट किए जाने की बात कही थी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने शिकायत को गंभीरता से ध्यान से सुना और कहा कि यदि शिकायतकर्ता नियम पूरे करता है तो उसका कनेकशन शिफ्ट कर दिया जाए। उन्होंने इस शिकायत को लंबित रखने के निर्देश दिए। नई शिकायतों में पहली शिकायत गांव बरोट निवासी बलजीत सिंह की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके गांव में बारिश में दूसरे गांवों से पानी उनके गांव में आकर एकत्रित हो जाता है। उसने पानी की निकासी व रास्ते को दुरुस्त करने की मांग की थी। जिसमें सुनवाई करते हुए मंत्री श्याम सिंह राणा ने निजी कोटे से रास्ता पक्का करने का आश्वासन दिया। उन्होंने इस शिकायत का निपटान कर दिया।

### नियम का उल्लंघन कर घर बनाने की शिकायत

सेक्टर 19 निवासी धर्मबीर सिंह ने पड़ोसी द्वारा नियमों का उल्लंघन कर घर बनाने की शिकायत की थी। मंत्री ने अगली बैठक में एचएसवीपी के ईओ को स्वयं हाजिर होकर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नई शिकायतों में तीसरी शिकायत डेरा प्रीतम निवासी जोगिंद्र सिंह का कहना था कि अर्जुन नगर बाईपास की ओर से गंदे पानी के नाले की सफाई नहीं होती। उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि आगामी दस दिनों में इस पूरे नाले की सफाई करवा दी जाएगी। साथ ही सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि इस नाले को कवर करने की योजना तैयार की जाए। इस शिकायत को आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया है। इसी प्रकार से अगली शिकायत में फतेहपुर पूंडरी निवासी जवाहर लाल ने शिकायत दी थी कि फतेहपुर लिंक ड्रेन की सफाई न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, बीजेपी वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, नगर परिषद चेयरमैन सुरभि गर्ग, पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, मार्किट कमेटी चीका के चेयरमैन जगमाल राणा, रविंद्र धीमान, प्रवीण प्रजापति, अरूण वर्मा, आयुष गर्ग, निधि मोहन, शैली मुंजाल, गोपाल सैनी, रघुबीर फौजी, सुरेंद्र अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार पारदर्शिता के साथ कर रही कार्यः अशोक


पूंडरी। पंचकूला में आयोजित संगठनात्मक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ अशोक गुर्जर। *फोटो : हरिभूमि*

■ बैठक में संगठन को मजबूत करने के उपायों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुज्जर ने कहा कि पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में केंद्र सरकार के 12 वर्ष विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित संगठनात्मक बैठक में प्रदेशभर के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत मंथन किया गया।

उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, सह प्रभारी सुरेंद्र सिंह नागर, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश महामंत्री संगठन फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित सभी प्रदेश महामंत्री एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त करने तथा सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

### केंद्र की सराहना

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब, किसान, युवा, महिला और हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिला है। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भी विकास और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को लेकर गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचेंगे तथा जनहित की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पेयजल संकट से निपटने की कमान संभाली

**कलायत।** गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों ने कलायत शहर में पेयजल संकट के समाधान की कमान संभाल ली है। पानी की बूंद-बूंद से जूझ रहे लोगों की समस्या के निवारण के लिए बच्चे रंग बिरंगी मटकियों के साथ डीसी कार्यालय जाएंगे। इसकी वजह इन दिनों कभी मूढाढ 360 रियासत का मुख्यालय रहे ऐतिहासिक लाल चबूतरे से सटे इलाके में पेयजल संकट को लेकर मचा हाहाकार है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं।

### विद्यार्थियों ने समर कैंप में दिखाई प्रतिभा

**सीवन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैर में आयोजित समर कैंप के तीसरे दिन विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। शिविर के दौरान बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर पूरे दिन बच्चों की ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः योग एवं व्यायाम सत्र से की गई।

### 7200 एकड़ में फसल विविधीकरण का लक्ष्य

**कैथल ।** डीसी अपराजिता ने बताया कि जिले में भू-जल स्तर को सुधारने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेरा पानी-मेरी विरासत के तहत जिले में इस वर्ष 7200 एकड़ भूमि पर धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अधिक पानी की खपत वाली धान की खेती के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को अपनाकर जल संरक्षण में अपना योगदान दें।

### चेक बाउंस के मामले में अपराधी गिरफ्तार

**कैथल।** चौकी भागल पुलिस प्रभारी एएसआई अमरजीत सिंह की अगुवाई में एएसआई जसपाल सिंह द्वारा चेक बाउंस मामले में पीओ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई जसपाल की टीम द्वारा आरोपी गांव भागल निवासी रमेश उर्फ रिंकू को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2015 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 18 अक्टूबर 2016 को पीओ घोषित किया गया था।

# दोबारा पैमाइश हुई तो 'जेल जाएंगे भ्रष्ट अधिकारी'

■ वार्ड-6 के पार्षद प्रतिनिधि संभालु जिंदल ने खोली नपा अधिकारियों और ठेकेदार की कथित मिलीभगत की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

चीका नगरपालिका में विकास कार्यों के नाम पर जनता के टैक्स के पैसों की बंदरबांट का एक और बड़ा मामला सामने आया है। वार्ड नंबर-6 के पार्षद प्रतिनिधि संभालु जिंदल ने नगरपालिका अधिकारियों और ठेकेदार पर मिलीभगत कर लाखों रुपये के गोलमाल का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि ताऊ देवी लाल पार्क के सामने, सिनेमा रोड को पेहोवा रोड से जोड़ने वाली सड़क पर बने नाले के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और करीब 11 लाख रुपये का फर्जी बिल तैयार किया गया। संभालु जिंदल ने कहा कि उनके पास इस कथित घोटाले से जुड़े पुख्ता और अकाट्य सबूत मौजूद हैं। उन्होंने खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि नाले की निष्पक्ष तरीके से जांच हुई तो भ्रष्ट अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार का जेल जाना तय है।


संभालु जिंदल

### जांच करेगा कौन

मामले का सबसे गंभीर पहलू यह है कि जिन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं, वही अब जांच प्रक्रिया में शामिल होना चाहते हैं। संभालु जिंदल ने आरोप लगाया कि जिस जेई और एमई ने कथित तौर पर नाले के निर्माण में गड़बड़ी की, वही अधिकारी अब जांचकर्ता बनने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर कई बार डीएमसी कैथल को व्यक्तिगत रूप से शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिंदल ने प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद उच्च अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे।

### सीएम विंडो में शिकायतें दबाने का आरोप

संभालु जिंदल ने आरोप लगाया कि नगरपालिका अधिकारी सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों को दबाने के लिए "एमिनेंट पर्सन्स" को गुमराह करते हैं और मामलों को दफ्तर में ही रफा-दफा करवा देते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार अधिकारियों की कथित चालाकी को विफल करने के लिए उन्होंने खुद मोर्चा संभाला है। नाले के निर्माण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर तीनों एमिनेंट पर्सन्स को लिखित पत्र भेजा गया है। जिंदल ने उनसे अपील की है कि वे आरोपी अधिकारियों के बहकावे में न आएं और मौके पर जाकर जमीनी हकीकत की जांच करें ताकि "दूध का दूध और पानी का पानी" हो सके।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 15 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान योजना शुरू कर दी गई है। विभागीय पोर्टल खोल दिया गया है। इच्छुक किसान 15 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल उपनिदेशक डॉ. रविंद्र हुड्डा ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान का पिछले दो सीजन यानी खरीफ और रबी 2025-26 के लिए 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी है।


**कैथल।** शिविर के दौरान विद्यार्थी और स्कूल स्टाफ।

### विद्यार्थियों ने सीखी संगीत एवं नृत्य की कला

**कैथल।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में आयोजित समर कैम्प के तीसरे दिन विद्यार्थियों के लिए कला, संगीत एवं नृत्य से संबंधित रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करना तथा उनमें आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर प्रसिद्ध फाइन आर्ट विशेषज्ञ बृजेश टाया ने विद्यार्थियों को चित्रकला की विभिन्न विधाओं की जानकारी दी। उन्होंने रंगों के संयोजन, रेखांकन, प्राकृतिक दृश्य एवं रचनात्मक चित्र बनाने की तकनीकों का अभ्यास करवाया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सुंदर चित्र बनाकर अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हिन्दी प्राध्यापिका सुनीता ने विद्यार्थियों को नृत्य की मूलभूत बारीकियों, भाव-भंगिमाओं, ताल एवं मंच प्रस्तुति के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि आत्मअभिव्यक्ति और स्वास्थ्य संवर्धन का भी सशक्त माध्यम है।

# सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र विवि में प्रथम आई काजल को भेजी शुभकामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली राजौंद निवासी छात्रा काजल को सांसद नवीन जिन्दल ने विशेष प्रशंसा-पत्र भेजकर सम्मानित किया। अपने संदेश में सांसद नवीन जिन्दल ने काजल की इस उत्कृष्ट उपलब्धि को उसके कठिन परिश्रम, लगन और अनुशासन का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सफलता न केवल उसके परिवार और विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि काजल भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित कर समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेगी। सांसद नवीन जिन्दल ने अपने संदेश में कहा कि युवा पीढ़ी की ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत होती हैं। उन्होंने काजल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे निरंतर मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ने का संदेश दिया।


**राजौंद।** प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली काजल को सम्मानित करते हुए।

## बच्चों को संगीत, नृत्य एवं कला का महत्व समझाया गया

# भाषा समर कैंप में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति का दिया संदेश

*विद्यार्थियों ने कलाकृतियों के माध्यम से दिखाई अपनी प्रतिभा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में आयोजित भाषा समर कैंप के तीसरे दिन का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अंग्रेजी प्राध्यापिका रितु बाला एवं ममता तनेजा ने विद्यार्थियों को संगीत, नृत्य एवं कला के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के मानसिक विकास, आत्मविश्वास तथा रचनात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ कार्यक्रमों में भाग लेते हुए संगीत, नृत्य एवं विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आनंदमय और आकर्षक बना दिया।



सीवन के मॉडल संस्कृति विद्यालय में शिविर में भाग लेते बच्चे।

### बच्चों ने लोगों को किया जागरूक

इसी दौरान विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों एवं उससे जीवन में होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति विषय पर आकर्षक पोस्टर, स्लोगन एवं पेंटिंग बनाकर समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों ने सभी को प्रभावित किया। कक्षा दसवीं के छात्र मोहित ने हरियाणवी संस्कृति पर आधारित गीत प्रस्तुत कर पूरे कैंप का माहौल गौरवमयी बना दिया। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने खूब सराहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश ढुल ने इस सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के समर कैंप विद्यार्थियों के अनुभव, कौशल एवं आत्मविश्वास को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा भीषण गर्मी के बावजूद विद्यार्थियों के उत्साह, जिज्ञासा एवं सीखने की लगन को सराहनीय बताया। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की

## न्यूज डायरी



### सिसला धाम में लगाई मीठे पानी की छबील

**पाई।** गर्मी के चलते एकादशी के शुभ अवसर पर सिसला धाम में श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं आमजन की सेवा के उद्देश्य से मीठे और ठंडे पानी की छबील लगाई गई। इस सेवा कार्य में गांव व आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा भाव के साथ आने-जाने वाले लोगों को शीतल जल पिलाया। छबील स्थल पर पूरे दिन श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही तथा लोगों ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल सेवा को सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना गया है।



### एकादशी पर देसी घी की जलेबी का भंडारा

**पूंडरी।** पुंडरी के हाबड़ी मोड़ वीआईपी मार्केट में एकादशी के पावन पर्व पर एक अनूठी और सराहनीय पहल देखने को मिली। बाजार के सभी दुकानदारों के आपसी सहयोग से यहाँ 'देसी घी की जलेबी' का भव्य भंडारा आयोजित किया गया। इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन में केवल देसी घी की जलेबी का राहगीरों और स्थानीय निवासियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता दुकानदारों की आपसी एकता और सहयोग रहा। पूरी मार्केट ने एकजुट होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस भंडारे का लाभ उठाने के लिए सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा।

### श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति सीवन ने लगाई छबील

**सीवन।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति सीवन के प्रधान एवं गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के परम भक्त सुरेश सरदाना द्वारा कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग पर स्थित अपने कार्यालय के सामने ठंडे व मीठे पानी की विशाल छबील लगाई गई। इस पुण्य कार्य में सेवादारों ने भी पूरे उत्साह, श्रद्धा और सेवा भाव के साथ सहयोग दिया। छबील के दौरान राहगीरों, वाहन चालकों एवं यात्रियों को प्रेमपूर्वक रोककर उन्हें ठंडा और मीठा पानी पिलाया गया।



**पाई।** ग्रामीण महिलाएं पुस्तकालय को वाटर कूलर सौंपते हुए।

### ग्रामीण महिलाओं ने करोड़ा गांव के पुस्तकालय को सौंपा वाटर कूलर

**पाई।** जिन्होंने अभाव देखा है वही जानता है उसकी सच्ची कद्र। ऐसा ही कुछ दर्शाता है, गांव करोड़ा की महिलाओं का शिक्षा के प्रति ये समर्पण। गांव करोड़ा की महिलाओं ने गांव की लाइब्रेरी में पढ़ने वाले लडके लडकियों के लिए पानी की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए वाटर कूलर का इंतजाम किया। इन्होंने देखा की गांव की लाइब्रेरी में जो बच्चे पढ़ते हैं उन्हें पीने के पानी की बोतल या तो घर से लेकर जानी पड़ती है या फिर कैंपर का इंतजाम करते हैं। महिलाओं ने आपस में सहयोग इकट्ठा करना शुरू कर दिया और बच्चों के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था कर दी ताकि बच्चों की पढ़ाई में समस्या ना हो। इन महिलाओं ने कहीं न कहीं शिक्षा के महत्व को जानकर ही यह सहयोग किया है। सहयोग में अमरकंर, सुख दर्शन मटरी, शशि, संतरो, अंगुरी, कमला, लीलो, कमलेश, शीला,सतोंष, सुमीत(मगन पट्टी), सतयवान(बिला पट्टी) आदि शामिल रही।

## खबर संक्षेप

### युवती लापता, एक पर अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** गांव करसोला से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव करसोला निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी जुलाना गई हुई थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। व्यकित ने आरोप लगाया कि गांव खरैंटी निवासी नीटू ने उसकी बेटी का अपहरण कर बंधक बनाया हुआ है। जुलाना थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर नीटू के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बेटियां पढ़-लिखकर बनेंगी बड़ी अफसर : मूर्ति देवी

**जींद।** कैरखेड़ी गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सब सेंटर रूपगढ़ की स्वास्थ्य विभाग टीम जिसमें देवीराम कौशिक, मूर्ति देवी, मुकेश रानी एवं आशा वर्कर राजरानी ने ग्रामीणों को बेटियों के महत्वए उनकी शिक्षा, सुरक्षा तथा समाज में समान अधिकारों के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि बेटियां परिवार और समाज की शान होती हैं तथा कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक अपराध होने के साथ-साथ मानवता के खिलाफ भी है।

### मायके पक्ष ने ससुराल पर लगाया हत्या का आरोप

**कैथल।** थाना तितरम पुलिस ने एक विवाहिता की दहेज के लिए हत्या करने के आरोप में ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव स्मैन के एक व्यक्ति ने तितरम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी गांव हरसोला के अजय के साथ रिती रिवाज अनुसार की थी। आरोप है की शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे तथा मारपीट भी करते थे। इसे लेकर कई बार पंचायत भी हुई लेकिन मामला हल नहीं हुआ।

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में तीन के खिलाफ केस दर्ज

**कैथल।** महिला पुलिस कैथल ने एक विवाहिता की शिकायत पर उसके ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। गांव चंदलाना की एक विवाहिता ने शिकायत में बताया कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व शेख मोहल्ला कुरुक्षेत्र के अमित कुमार शर्मा के साथ हुई थी। आरोप है की शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट न होकर उसके साथ मारपीट तथा उसे प्रताड़ित करते थे। हर रोज की मारपीट तथा जान से मारने की धमकी से तंग आकर वह अपने मायके लौट आई और पुलिस को शिकायत दी।

### राज्य कौंसिल सम्मेलन में शिक्षक भाग लेंगे: दयोहरा

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला कार्यकारिणी की बैठक जवाहर पार्क स्थित संगठन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल दयोहरा ने व संचालन जिला सचिव अमरनाथ किठाणिया ने किया। उन्होंने बताया कि 1,2 जून को हिसार जाट धर्मशाला में आयोजित राज्य कौंसिल सम्मेलन में जिले से काफी अध्यापक शामिल होंगे। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला संगठन सचिव सुरेश द्रविड़,सहसचिव शमशेर कालिया आदि रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

# जिला नागरिक अस्पताल में बनाया महिला क्लीनिक

## सीएमओ और पीएमओ ने किया क्लीनिक का निरीक्षण

**महिला ओपीडी विंग में दीवारों पर लिखवाए संदेश**

क्लीनिक में महिलाओं को एक ही छत के नीचे उपचार व दवाओं की सुविधा उपलब्ध होगी : सीएमओ




जींद। महिला विंग का निरीक्षण करते हुए सीएमओ डा. सुमन कोहली तथा महिला क्लीनिक के गेट पर लगवाए जाने वाले द्वार को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए सीएमओ और महिला क्लीनिक की दीवारों पर बनवाए गए जागरूकता संदेश। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेशभर के नागरिक अस्पतालों में महिलाओं को उपचार की बेहतरीन सुविधाएं मिले, इसके लिए महिला क्लीनिकों की स्थापना की जा रही है। इसी कड़ी में जींद अस्पताल की नई बिल्डिंग में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत यह महिला क्लीनिक बनाया जा रहा है। महिला क्लीनिक बनाने का सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है कि महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है ताकि उन्हें अलग-अलग विभागों में भटकना न पड़े। जल्द ही सीएम नायब सैनी व स्वास्थ्य मंत्री आरती राव इन महिला क्लीनिकों का उद्घाटन करेंगे।

### कमियां दूर करने के दिए निर्देश

नागरिक अस्पताल की महिला विंग में बनाए जा रहे महिला क्लीनिक का बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सुमन कोहली व प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. रघुवीर पूनिया ने निरीक्षण किया। यहां जो छोटी-मोटी कमियां निरीक्षण में सामने आई, उन्हें संबंधित कर्मियों को दूर करने के निर्देश दिए गए।

### प्रतिदिन 250 पार रहती है महिला विंग की ओपीडी

नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में महिला ओपीडी विंग चलाई जा रही है। यहां दीवारों पर मां और बेटी का सम्मान, देश की पहचान, सशक्त नारी जैसे स्लोगन लिखवाए गए हैं ताकि यहां आने वाले मरीजों को पॉजिटिविटी मिले। महिला विंग की ओपीडी प्रतिदिन 250 से पार रहती है। सबसे ज्यादा भीड़ भी यही रहती हैं। ऐसे में यहां आने वाली महिला मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए दवा खिड़की पहले ही यहां बनवा दी गई है।

### एक ही स्थान पर स्वास्थ्य सेवाएं

1. जांच, इलाज और टेस्ट की सुविधा।
2. महिलाओं को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं।
3. स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार

### महिला स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत क्लीनिक में महिलाओं को एक ही छत के नीचे उपचार व दवाओं की सुविधा उपलब्ध होगी। अभियान मुख्य उद्धेश्य महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जांच जैसे एनीमिया, उच्च रक्त चाप, मधुमेह और कैंसर जैसे रोगों का समय रहते पता लगाना है। इसके अलावा गर्भावस्था में समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पोषण, जीवनशैली, मासिक धर्म स्वस्था और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता से माता, शिशु स्वास्थ्य को बढावा देना है। इसके तहत जच्चा-बच्चा की समय पर जांच की सुविधा भी मिलेगी।

### कमियों को दूर करवाने के निर्देश

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि सीएमओ व उन्होंने स्वयं महिला क्लीनिक का दौरा किया है। जगह-जगह पोस्टर व बैनर लगवाए जा रहे हैं। इसके अलावा महिला क्लीनिक के मुख्य गेट पर भी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार महिला क्लीनिक का गेट बनवा दिया है। इस पर महिलाओं क्लीनिक में उपलब्ध मुफ्त सुविधाओं तथा महिला क्लीनिक पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लिखी हुई है.। इसका उद्धेश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर में सुधार करना है।



राजौंद। स्वर्ण पदक जीतने के बाद खुशी जाहिर करती हरियाणा की खिलाड़ी अनैर्रह कलरा। फोटो : हरिभूमि

### ओशिनिया वुशु चैंपियनशिप में भारत की कलरा का जलवा

**राजौंद।** ओशिनिया अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण वुशु कुंग फू चैंपियनशिप 2026 जो 21 से 25 मई तक ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में आयोजित हुई। इसमें भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया। भारतीय टीम ने कुल 9 स्वर्ण,7 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की उभरती खिलाड़ी अनैर्रह कलरा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए परंपरागत नानचुआन और परंपरागत डबल वेपन (दोहरी हथियार) स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। उनकी इस उपलब्धि से न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई। चैंपियनशिप के दौरान हरियाणा वुशु खेल संघ के उपाध्यक्ष राजीव डागर टीम लीडर के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए टीम का सफल मार्गदर्शन किया। वहीं हरियाणा वुशु खेल संघ के महासचिव अनिल विज और अंतरराष्ट्रीय वुशु निर्णायक एवं राष्ट्रीय कोच डॉ. राम मेहर सिंह खटकर ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी। डॉ. खटकर ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि भारत लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर रहा है।

# सीआरएसयू एडमिशन प्रोस्पेक्टस में पुराने नियमों का उल्लेख : सतविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



- ईडब्ल्यूएस आय सीमा छह लाख दर्शायी, अधिसूचना आठ लाख की
- एबीवीपी ने त्रुटि पर लिया संज्ञान

सीआरएसयू विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के विद्यार्थियों के लिए हरियाणा सरकार के नवीनतम नियमों की अनदेखी किए जाने के मामले को एबीवीपी ने गंभीरता से उठाया। हरियाणा सरकार द्वारा 14 जनवरी 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए वार्षिक आय सीमा को छह लाख रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपये कर दिया गया था। सरकार के इस निर्णय का उद्देश्य अधिक से अधिक आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा और अन्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करना था लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा जारी एडमिशन प्रोस्पेक्टस में पुराने नियमों का उल्लेख किया गया था। जिसमें ईडब्ल्यूएस की आय सीमा अभी भी छह लाख रुपये दर्शायी गई थी। इससे अनेक विद्यार्थियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई तथा हजारों पात्र विद्यार्थी अपने अधिकारों से वंचित होने की आशंका में थे। एबीवीपी जींद विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि जैसे ही इस गंभीर त्रुटि को देखा तो तुरंत मामले को संज्ञान में लिया गया। एबीवीपी पदाधिकारियों ने प्रशासन को स्पष्ट रूप से बताया कि हरियाणा सरकार का नया नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो चुका है और विवि को उसी के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया संचालित करनी चाहिए।

### बायो गैस प्लांट मामले में विधायक को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** जींद शहर के गोहाना रोड से सटे रिहायशी क्षेत्र में बने बायो गैस प्लांट को बंद कराने के लिए बुधवार को कई कॉलोनियों और कई गांव के लोगों का प्रतिनिधिमंडल उचाना विधायक देवेंद्र अत्री से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उचाना विधायक को ज्ञापन सौंपकर पैरवी करने की मांग की। विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि वे इस मामले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बात करेंगे। हर संभव प्रयास किया जायेगा की लोगों को परेशानी ना मिले। प्रतिनिधिमंडल में शामिल पार्षद सतपाल कुंडू, पार्षद प्रतिनिधि बलबीर श्योराण आदि ने कहा कि बायो गैस प्लांट ना केवल स्थानीय अपितु पूरे जींद और आसपास के 20 किलोमीटर दायरे में रहने वाले लोगों के लिए खतरनाक है। इसलिए अपनी जिंदगी और अपने घरों को बचाने के लिए अंतिम सांसों तक संघर्ष किया जाएगा। यदि यह बायो गैस प्लांट बंद नहीं हुआ तो आने वाली पीढ़ियां हमको कोसेंगी। इन लोगों ने कहा कि रिहायशी क्षेत्र में बायो गैस प्लांट लगाया ही नहीं जा सकता। इसके बावजूद भी प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है।

- प्लांट 20 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों के लिए खतरनाक

# कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के राज में नरवाना का हाल हुआ बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

- पिछले दो साल में शहर में बढ़ रही आपराधिक घटनाएं

नरवाना के नागरिक अस्पताल में सुबह 9.30 बजे एक रोहतास नाम के मरीज को इलाज़ के लिए कुछ लोग लेकर आए थे पहले तो डाक्टर व्यस्त होने की वजह से उसको देख नहीं सके लेकिन जब डाक्टर आये तो उसकी हालत को देखते हुए जींद के लिए रैफर कर दिया एंबुलेस को फोन करने के बाद 3 बजे तक एंबुलेंस नहीं आयी। अस्पताल या ये कह लो कि नरवाना रैफर सेंटर वाले बोल रहे हैं मरीज को जींद लेकर जाओ उसकी हालत सही नहीं है, एंबुलेंस आ नहीं रही तो जाये कैसे। दूसरी ओर पुलिस प्रशासन का उससे भी अधिक बूरा हाल है सुबह 11 बजे मामले की शिकायत दी हुई है लेकिन उनकी और से भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। नागरिक अस्पताल नरवाना के हत्थे में स्टेरचर पड़ा मरीज़ यही सोचने पर मजबूर हैं वाह रे कृष्ण बेदी तेरे राज के हाल नरवाना का हर नागरिक हुआ बेहाल। सभी ओर से यहीं सुनने को मिल रहा है फिरोती, डकैती,जान से मारने की धमकीं आजादी के 76 साल में पिछले 2 वरस से यहीं सुनने को मिल रहा है फिरौती,डैकती, आदि साथी बदमाश निरंकुश हो गये है ,बदमाशों के ज़हन में कुछ डर नाम की कोई चीज रहा नहीं गई है। प्रशासन बेबस, बेखबर हैं कुछ कार्यवाही करने की हिम्मत करता है तो अगले दिन तबादला की चिट्ठी तैयार।

### नहरी पानी के खाले को गिराने के आरोप, केस

**कैथल।** कलायत पुलिस ने नहरी पानी के खाले को गिराने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। मामला सूदकन कलां जल सेवाएं के उप मंडल अधिकारी अमित की शिकायत पर दर्ज किया गया है। अमित ने अपनी शिकायत में बताया कि गांव मटौर के देवीप्रसन्न, विकास उर्फ गोलू, मोहित, जोगीराम, मनीराम, नरेश तथा रामकेश व अन्य व्यक्तियों ने मिलकर नहरी विभाग द्वारा खुलवाए गए खाले को गिरा दिया। सहायक उप निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज डायरी



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### गृहकार्य का उद्देश्य बच्चों को आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और सहयोग सोच विकसित करना: राजेश वशिष्ठ

**जींद।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश गतिविधियों को बच्चों के लिए सीखने का आनंदमय माध्यम बनाया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए गतिविधि आधारित गृहकार्य का उद्धेश्य बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न र खकर उन्हें परिवारए समाज और अपने परिवेश से जोडना है। एफएलएन के जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, जिम्मेदारी, सहयोग और वैज्ञानिक सोच विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चे अनुभव और आनंद के साथ गृहकार्य कर रहे हैं।

### पुलिस ने नशा व शराब तस्करों की धरपकड़ के लिए होटल-ढाबों से लेकर गांवों तक चलाया सघन सर्च अभियान

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा "नशा मुक्त हो जिला अभियान" के तहत लगातार विशेष कॉम्बिंग एवं चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को थाना तितरम तथा थाना सदर पुलिस द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों व ठिकानों की गहन जांच की गई। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना तितरम एसएचओ पीएसआई रवि की अगुवाई में थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर स्थित सभी होटल, ढाबों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा होटल-ढाबों में ठहरने वाले लोगों का रिकॉर्ड चेक किया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि कहीं किसी प्रकार की अवैध गतिविधि, नशा तस्करी अथवा अपराधियों को शरण तो नहीं दी जा रही। एसआई कुलदीप के नेतृत्व में गांव पाडला में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घरों तथा संभावित ठिकानों पर विशेष सर्च अभियान चलाया गया।

### सिसला धाम में मीठे व ठंडे पानी की छबील से भीषण गर्मी में लोगों को मिली राहत

**राजौंद।** पद्मिनी एकादशी पर सिसला धाम में श्रद्धालुओं, राहगीरों और आमजन की सेवा के उद्धेश्य से मीठे व ठंडे पानी की छबील लगाई । नौतपा की भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा भाव के साथ आने-जाने वाले लोगों को शीतल जल पिलाया। छबील स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। तेज गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने ठंडा पानी पीकर आयोजकों का आभार व्यक्त किया और इस सेवा कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल सेवा को सर्वोच्च पुण्य कार्य माना गया है। विशेषकर गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को ठंडा पानी पिलाना सच्ची मानव सेवा है। पद्मिनी एकादशी जैसे धार्मिक पर्व पर इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। इस दौरान कृष्ण प्रजापति टीक ने कहा कि समाज में लोगों को जोड़ने के लिए इस तरह के सेवा कार्य लगातार किए जाने चाहिए।

### शहर के डेवलपमेंट प्लान के लिए ई भूमि पोर्टल से भूमि खरीदने, एक्वायर करने की प्रक्रिया शुरू : मान

**जींद।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण जींद के प्रशासक सत्यवान सिंह मान ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा शहर के डेवलपमेंट प्लान के अनुरूप रिहायशी, व्यावसायिक एवं संस्थागत सेक्टरों के विकास के लिए ई भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि खरीदने, एक्वायर करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि ई भूमि पोर्टल के जरिए भूमि खरीदने हेतु भू मालिकों एवं एग्रीग्रेटरों के लिए विगत एक मई से 30 जून 2026 तक दूसरे चरण के अंतर्गत अपनी भूमि का विवरण पोर्टल पर अपलोड करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि जींद में रैवेन्यू एस्टेट के अंतर्गत गांव अहिरका, अमरहेड़ी, अशरफगढ़, किशनपुरार बिशनपुरा, पिंडारा, हैबतपुर, जुलानी तथा जलालपुर खुर्द सहित शहर के सेक्टर 2, 3, 4, 5, 5ए, 7ए, 12, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 25, 26 एवं 26ए के विकास के लिए लगभग 2 हजार 227 एकड़ भूमि खरीदे जाने का प्रस्ताव है। सेक्टर 25 गांव गोविंदपुरा तथा किशनपुरा में 103 एकड़ भूमि में सेक्टर विकसित किए जाने हैं।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत वरिष्ठ नागरिकों को करवाए जाएंगे सोमनाथ मंदिर के दर्शन : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमनाथ मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 8 जून को हरियाणा से सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी। जिसे मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाएंगे। यह यात्रा बिल्कुल निशुल्क होगी। इच्छुक पात्र वरिष्ठ नागरिक 6 जून 2026 तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। डीसी अपराजिता ने बताया कि सरकार द्वारा यह सुविधा पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध करवाई जाएगी। पात्र व्यक्ति अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का हरियाणा का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। इसके अलावा आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम निर्धारित की गई है।

### एटीसी कैंप में मीना रानी बेस्ट सीटीओ पुरस्कार से सम्मानित

**जींद।** न्यू प्रगति सीनियर सैकेंडरी स्कूल डाहोला के 15 बीएन एनसीसी कैडेटस ने जवाहर नवोदय विद्यालय खूंगा में आयोजित एटीसी कैंप में सर्वश्रेष्ठ संस्थान श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय की सीटीओ मीना रानी को बेस्ट सीटीओ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ का सम्मान भी प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य अजीत आर्य, निदेशिका लाजवंती ढिल्लो ने सभी एनसीसी कैडेट्सए सीटीओ मीना रानी एवं स्टाफ सदस्यों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

## हरियाणा में घूम रहे उचाना में नजर नहीं आते पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह

# सद्भाव यात्रा से प्रदेश में जात-पात को मिला बढ़ावा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना




उचाना। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को सम्मानित करते हुए मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा। फोटो : हरिभूमि

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री कपास मंडी स्थित वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग के निवास स्थान पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत कार्यकर्ताओं, व्यापारियों द्वारा किया। विधायक ने पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा रोहतक को अपना गढ़ बताने वाले बयान पर कहा कि बृजेंद्र सिंह को पहले उचाना हलके में आना चाहिए और वहां के लोगों के सुख-दुख में शामिल होना चाहिए।

**कांग्रेस नेताओं की मानसिकता हो चुकी खराब :** विधायक अत्री ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की आज मानसिकता खराब हो चुकी है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की ऐतिहासिक हार का जिक्र करते हुए कहा कि मतदाताओं ने कांग्रेस को सबक सिखाया है और भविष्य में भी ऐसा करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के 12 साल पूरे होने पर विधायक ने कहा कि 12 सालों से बड़े-बड़े ऐतिहासिक कार्य पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुए है। धारा 370 को तोडना, राम मंदिर, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित अनेकों ऐतिहासिक कार्य हुए है। शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए है। निरंतर कार्य हो रहे है। विकसित उचाना का जो सपना है।

### जनता के होते हैं गढ़

अत्री ने जोर देकर कहा कि गढ़ किसी के नहीं होते, बल्कि वे जनता के होते हैं। वह समय अब बीत चुका है जब कोई परिवार किसी क्षेत्र को अपना गढ़ कहता था। विधायक ने 2019 और 2024 के चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि जनता ने ऐसे लोगों को सबक सिखाया है और आगे भी सिखाने के लिए तैयार है। विधायक अत्री ने बृजेंद्र सिंह को सलाह दी कि वे पहले उचाना हलके में आए हलके में तो नजर नहीं आते, बजाय इसके कि वे हरियाणा में धक्के खाते फिरें। उन्होंने चौधरी बीरेंद्र सिंह को बुजुर्ग बताते हुए भी उनके जातिगत बयानों की आलोचना करते हुए सदभाव यात्रा को लेकर कहा कि यह यात्रा सद्भाव फैलाने वाली नहीं, बल्कि प्रदेश में जात-पात को बढ़ावा देने वाली रही है। आज कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी को भी सबके सामने बताया।

### व्यापारियों ने किया सम्मानित

विधायक ने कपास मंडी में आयोजित आभार कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा , वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग ने की। विधायक अत्री के साथ-साथ खरीद एजेंसियों के सतीश नचार, सुनील कुमार, मार्केट कमेटी सचिव योगेश को भी सम्मानित किया गया। मार्केट कमेटी चेयरमैन ने बीते कुछ महीनों में विधायक की अगुवाई में मार्केटिंग बोर्ड द्वारा किए गए कामों को जिक्र किया। आढ़तियों ने कहा कि गेहूं के सीजन में शासन, प्रशासन का पूरा सहयोग रहा है। विधायक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए ताकि एक-दूसरे से मिलकर समस्याओं को जान उनका समाधान करवाया जा सकें। इस मौके पर प्रवीण गर्ग, संजय चहल, सतीश जांगड़ा, रमेश राणा, सतपाल अत्री, रोहताश खटकड़, विकास पंघाल, संदीप चौधरी, नरेश सौंगरी, पंकज पार्षद, महेंद्र लोधर, बलवान कापड़ो, साधुराम गुरूकुल खेड़ा, विनोद बंसल, तुषार जिंदल मौजूद रहे।